रोड कट रिपेयर के नाम पर धावास में घटिया सड़क बनाने का विरोध

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से धावास में रोड कट रिपेयर के नाम पर घटिया सड़क बनाने का स्थानीय निवासियों ने विरोध शुरू कर दिया है। इस संबंध में जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त को ज्ञापन भी दिया गया है। इसमें बताया गया है ठेकेदार सड़क की मामूली सी खुदाई करके जीएसबी डब्लूएमएम डाल रहा है जो एक बरसात भी नहीं चलेगी।

गांधीपथ वैशालीनगर के आसपास की कालोनियों में बीसलपुर की पानी की लाइनों की खुदाई हुई थी। इसके बाद सड़क को रिपेयर करने के लिए जेडीए ने टेंडर किए थे। इसमें मानवी कंस्ट्रक्शन ने जीएसबी-डब्लूएमएम डालने का काम हाथ में लिया था। जीएसबी डब्लूएमएम डेढ फीट मिट्टी की खुदाई करके डालनी थी लेकिन ठेकेदार के आदमी सिर्फ 4-4 इंच की खुदाई करके सड़क रिपेयर करने का काम कर रहे हैं। लोगों ने जब इसका विरोध किया तो ठेकेदार के आदमियों ने स्थानीय निवासियों को ही धमकाना शुरू कर दिया। उनका कहना था कि काम जिस तरीके से हो रहा है उसी तरीके से होगा।

मौके पर जेडीए के इंजीनियर्स भी मौजूद नहीं है जिससे सड़क बनाने वाले ठेकेदार को मनमर्जी से काम करने की छूट मिली हुई है।

एक बरसात में साफ हो जाएगी

यह सड़क एक बरसात में साफ हो जाएगी। इसमें मजबूती के लिए जीएसबी डब्लूएमएम पूरी तरह से नहीं की गई है। अब इसके ऊपर डामर की जाएगी। लोगों का कहना है जब नींव ही मजबूत नहीं होगी तो ऊपर डामर वाली सड़क कैसे टिकेगी।

खराब होने पर जिम्मेदारी तय नहीं

सड़क रोड कट रिपेयर होने पर ठीक करने की जिम्मेदारी सिर्फ छह महीने की है। इस काम में भी डामर अलग ठेकेदार से कराई जाएगी और जीएसबी-डब्लूएमएम कोई दूसरा ठेकेदार करेगा। इसके बाद अगर सड़क टूटती है तो इसे ठीक करने की जिम्मेदारी किसकी होगी अभी तक यह भी तय नहीं किया गया है।

फर्म पर मिट्टी चोरी का आरोप

धावास में काम करने वाली फर्म मानवी कंस्ट्रक्शन पर जयरामपुरा में सरकारी जमीन से मिट्टी चोरी कर सड़क बनाने का आरोप है। जयरामपुरा में इस फर्म ने घटिया काम किया था। मोरम की जगह रोडी का चूरा डाल कर सड़क बना ली थी और करोड़ों रुपए का बिल भी उठा लिया था। जोन 12 ए में हुए इस घटिया काम की शिकायत जेडीए आयुक्त को की गई थी।

जयपुर-सीकर रोड पर बढ़ते यातायात का दबाव कम करने और अनुपयोगी पड़े बी.आर.टी.एस. कॉरिडोर को हटाने का काम शुरू हो गया है।

प्रदेशभर में ग्रीष्मकालीन मिलावट विरोधी अभियान शुरू

जयपुर। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशों पर प्रदेभर में आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए मिलावट के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। गर्मियों के मौसम को देखते हुए 19 अप्रेल से 5 मई तक ग्रीष्मकालीन मिलावट विरोधी विशेष अभियान चलाया रहा है। इस अभियान के तहत पहले ही दिन 114

- **पहले ही दिन 114 निरीक्षण किए, 313 सैम्पल लिए**

निरीक्षण कर 313 नमूने लिए गए।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि गर्मी के मौसम में आमतौर पर खाद्य पदार्थों के जल्द खराब होने एवं डेयरी उत्पादों में मिलावट के मामले अधिक बढ़ जाते हैं। इसे देखते हुए आमजन को शुद्ध एवं मिलावट रहित खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने तथा निरामय राजस्थान की अवधारणा को मजबूत करने के लिए यह विशेष अभियान चलाया गया है।

खाद्य सुरक्षा आयुक्त एच गुईटे ने बताया कि अभियान के तहत सभी जिलों में प्रत्येक एफएसओ को इस अवधि के दौरान 60 नमूने लेने का लक्ष्य दिया गया है। इसके तहत पहले दिन प्रदेशभर में खाद्य पदार्थों के 124 एन्फोर्समेंट एवं 189 सर्विलांस सैम्पल लिए गए। ये नमूने डेयरी उत्पाद, शीतल पेय पदार्थ, स्नेक्स एवं मिठाई आदि के लिए गए हैं।

नमूने लेने के साथ ही मिलावट के संदेह के आधार पर 984 किलो खाद्य सामग्री नष्ट करवाई गई एवं 2600 किलो से अधिक खाद्य सामग्री सीज की गई है। गुईटे ने बताया कि इस अभियान के दौरान 5 मई तक 6000 नमूने लिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रत्येक जिले में खाद्य निर्माण इकाइयों का निरीक्षण किया जाएगा और दैनिक आधार पर आयुक्तालय से प्रगति की सीधे निगरानी की जाएगी। साथ ही ऐसी निर्माण इकाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जो मानदंडों का उल्लंघन कर खाद्य सामग्री का निर्माण कर रही है या मिलावटी खाद्य पदार्थ बनाती हैं। दूसरे चरण में अधिक निर्माण इकाइयों और थोक विक्रेताओं को कवर किए जाएगा। उन्होंने बताया कि निरामय राजस्थान की संकल्पना को साकार करने की दिशा में विभाग मिलावट के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशों पर आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए मिलावट के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

एक लाख का इनाम देगी चाणक्य सेना

जयपुर। चाणक्य सेना ने फिल्म निर्देषक अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मण समाज के विरूद्ध की गई टिप्पणी से समाज में भारी आक्रोश है। अनुराग कश्यप देश में जहां कहीं भी दिखेगा, उसका मुंह काला किया जाएगा। इसके लिए चाणक्य सेना ने घोषणा की है कि अनुराग कश्यप का जो भी व्यक्ति मुंह काला करेगा, उसे 1 लाख रूपये नगद इनाम दिया जायेगा। इस संदर्भ में आज पूरे देश के ब्राह्मण संगठनों ने जबरदस्त विरोध एवं आक्रोश व्यक्त किया है। चाणक्य सेना, सर्व ब्राह्मण महासभा, ब्राह्मण सेवा संघ, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, विश्व ब्राह्मण परिषद, अखिल भारतीय ब्राह्मण संघ की आज ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर से संगठनो के पदाधिकारी जुडे। बैठक की अध्यक्षता सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं चाणक्य सेना के मुख्य संरक्षक पं. सुरेश मिश्रा ने की। उन्होने कहा कि अनुराग कश्यप जैसे पागल लोगों का इलाज होना जरूरी है। जो कि ब्राह्मणों के विशय में अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं और समाज में विध्वंस फैलाने का काम कर रहे हैं। बैठक में सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं चाणक्य सेना के मुख्य संरक्षक पं. सुरेश मिश्रा, ब्राह्मण सेवा संघ विशम्भर दयाल शर्मा, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा श्री केएन तिवाडी, विश्व ब्राह्मण परिषद डॉ. के.वी. शर्मा, अखिल भारतीय ब्राह्मण संघ के प्रवीण मिश्रा, नरिष्यन्त शर्मा, डॉ. ओम शर्मा, जितेश शुक्ला सहित कई पदाधिकारी सम्मिलित हुये।

एक राष्ट्र, एक चुनाव लोकतंत्र में नई व्यवस्था नहीं : मदन राठौड़

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की अध्यक्षता में भाजपा प्रदेश कार्यालय में एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के समर्थन में भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के प्रदेश संयोजक सुनील भार्गव, प्रदेश के सभी संभाग से पदाधिकारी, सेवानिवृत्त आईएएस, आईपीएस, पूर्व कुलपति, सेवानिवृत्त सेना अधिकारी, विश्वविद्यालयों के कुलपति और प्रोफेसर्स, उपस्थित रहे।

- **एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान में हम सभी को निभानी है सहभागिता : सुनील भार्गव**
- **एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के समर्थन में भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी और प्रबुद्धजनों की बैठक आयोजित**

राठौड़ ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव आज के समय की जरूरत है। लोकतंत्र में यह व्यवस्था नई नहीं है, जब देश आजाद हुआ तब यह व्यवस्था चुनाव प्रणाली में लागू थी, लेकिन कांग्रेस ने अनुच्छेद 356 का दुरूपयोग करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया को निरंतर बाधित किया। देश में एक बार चुनाव से करोड़ों रूपयों को बचाया जा सकता है। इसके साथ ही बार बार आचार संहिता लगने से आमजन का जनजीवन प्रभावित होता है, इससे भी बचा जा सकता है। वहीं देश में एक बार चुनाव करवाने से चुनाव व्यवस्था में होने वाले खर्चे की बचत होगी और देश की जीडीपी में करीबन 1.5 फीसदी की बढ़ोतरी हो जाएगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी को एक राष्ट्र एक चुनाव प्रणाली का समर्थन करना होगा। एक चुनाव से केंद्र और राज्यों में आने वाले सरकारें पांच वर्षों तक स्थितरता के साथ सिर्फ और सिर्फ विकास कार्यों में ही रणनीतियां केंद्रित कर पाएगी। इस प्रणाली से नीति निर्माण में सुसंगतता आएगी, विकास योजनाओं को गति मिलेगी और संसाधनों की व्यापक बचत होगी।

अभियान के प्रदेश् संयोजक सुनील भार्गव ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान में सरकार के साथ हम सभी को समान सहभागिता निभानी होगी। इस अभियान को जन समर्थन मिलने के बाद मोदी सरकार कानून बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाएगी। ऐसे में हम सभी को इस पहल के प्रति जागरूकता बढ़ानी है, जनसमर्थन जुटाने है और इसे सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी है। बैठक में उपस्थित प्रबुद्धजनों ने अभियान को अपना पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया।

वहीं दूसरी ओर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की अध्यक्षता में भाजपा प्रदेश कार्यालय में एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के समर्थन में भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भारत में शासन को सुव्यवस्थित करने और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को उसके अनुकूल बनाने की आकांक्षाओं को देखते हुए एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा एक महत्वपूर्ण सुधार के रूप में उभरी है जिसके लिए गहन विचार-विमर्श और आम सहमति की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से भारत में एक साथ चुनाव कराने के संबंध में उच्च स्तरीय समिति का गठन किया और उसकी रिपोर्ट को 2024 में जारी किया गया था। इसकी सिफारिशों को 18 सितंबर 2024 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकार किया गया, जो चुनाव सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

अमेरिका के उपराष्ट्रपति की सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें : मुख्यमंत्री

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संयुक्त राज्य अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की प्रस्तावित (21 से 24 अप्रेल) जयपुर यात्रा को लेकर की जा रही तैयारियों के संबंध में शनिवार सुबह मुख्यमंत्री निवास पर अधिकारियों की बैठक ली। शर्मा ने निर्देश दिए कि उपराष्ट्रपति वेंस की जयपुर यात्रा को यादगार और ऐतिहासिक बनाने के लिए संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ सभी तैयारियां समय से पूर्ण करें। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि सुरक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाएं पूर्व में ही सुनिश्चित कर ली जाएं। साथ ही, शहर में यातायात नियंत्रण को लेकर भी समुचित व्यवस्था रखी जाए।

- **संयुक्त राज्य अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की 21 से 24 अप्रेल को प्रस्तावित है जयपुर यात्रा**

मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपराष्ट्रपति की जयपुर यात्रा से संबंधित विभिन्न कार्यों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को प्रभारी नियुक्त किया जाए।

उल्लेखनीय है कि संयुक्त राज्य अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की प्रस्तावित जयपुर यात्रा में उनके साथ धर्मपत्नी उषा वेंस, उनके बच्चे और अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ सदस्य भी शामिल होंगे। इस दौरान उपराष्ट्रपति का जयपुर के ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है।

''कल्चरल डायरीज''में लोकनृत्यों ने मोहा मन

जयपुर। राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित 'कल्चरल डायरीज' कार्यक्रम का दूसरा दिन जयपुर के ऐतिहासिक अल्बर्ट हॉल में पारंपरिक लोकनृत्यों की छटा के साथ संपन्न हुआ। इस सांस्कृतिक संध्या में धरोहर संस्था, उदयपुर के लोक कलाकारों ने प्रदेश की विविध लोक नृत्य शैलियों का मनोहारी प्रदर्शन किया गया। गौरतलब है कि कल्चरल डायरीज कार्यक्रम की प्रेरणा स्त्रोत उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी हैं, जिनके मार्गदर्शन में राज्य पर्यटन और संस्कृति के समन्वय को नई ऊंचाइयों तक पहुंच रहा है। उन्होंने पारंपरिक कलाओं को संरक्षित करने और लोक कलाकारों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से इस आयोजन को निरंतर प्रोत्साहित किया है।

धरोहर संस्थान उदयपुर के कलाकारों ने शनिवार की शाम दर्शकों के समक्ष घूमर, चरी, भवाई, तेरहताली, कालबेलिया, गवरी और मयूर नृत्य जैसे पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए जिनमें राजस्थान की सांस्कृतिक विविधता और जीवंत परंपराएं मुखरित हुईं।

कार्यक्रम का शुभारम्भ गणेश वंदना से किया गया। उसके पश्चात स्वागत गीत राग खमाज पर आधारित केसरिया बालम आवो.. नी पधारो म्हारे देस गीत पर नृत्यांगना द्वारा राजस्थानी लोक नृत्य की प्रस्तुति ने कार्यक्रम की शुरुआत से ही दर्शकों को अपने मोहपाश में कैद कर लिया। इसके पश्चात शादी-ब्याह के अवसर गुर्जर समुदाय की महिलाओं द्वारा किया जाने वाला पारम्परिक नृत्य चरी नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें महिला कलाकाकरों ने सिर पर जलती चरी लेकर योग मुद्राओं को नृत्य स्वरूप में ढाल कर आकर्षक प्रस्तुतियां दी, जिससे दर्शकों की भरपूर तालियां मिली। इसके बाद मेवाड प्रान्त में भील सुमदाय द्वारा भगवान शिव व देवी की उपासना के दौरान किए जाने वाले गवरी नृत्य की प्रस्तुति हुई, इस प्रस्तुति आस्था औऱ विश्वास के साथ साथ प्रकृति और इंसान के बीच के संबंध को बखूबी दर्शाया गया। भील समुदाय द्वारा की जाने वाली पारम्परिक रूप सज्जा ने इस नृत्य को जीवन्तता प्रदान की।

इसके बाद यूनेस्को द्वारा अमूर्त नृत्य घोषित किया गया कालबेलिया नृत्य की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को थिरकाया। इसके बाद लोक देवता बाबा रामदेव (रामापीर) की उपासन में किया जाने वाला तेरहताली नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसके तहत महिला कलाकारों ने अपने परम्परा गत ताल वाद्यों अद्भुत समन्वय दिखाया। भवाई नृत्य में कलाकारों ने सिर पर एक के ऊपर एक रखी गई मटकों को संतुलन में रखते हुए नृत्य कर दर्शकों को चकित कर दिया। अंत में प्रस्तुत मयूर नृत्य में मोर की चाल और मुद्राओं को नृत्य के माध्यम से दर्शाया गया, जिसने दर्शकों को अभिभूत कर दिया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति रही। देशी और विदेशी पर्यटकों ने कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों के दिल को छू लिया और उन्हें राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया।

सूचना

मैं दिगपाल सिंह सोलंकी पुत्र श्री बनैसिंह नि० ग्राम मई गूजर, भरतपुर घोषणा करता हूँ कि मेरे कागजात दिनांक 10.04.2025 को सारस चौराहा से मथुरा गेट के बीच कहीं गुम हो गये हैं। जिनमें जेडीए पट्टा संख्या 1001 दिनांक 20.12.2016 को जारी, सहभागिता श्यामपुरा बहुरिया वाटिका जयपुर, एलॉटमेंट लैटर, पजैशन लैटर एवं कैश जमा रसीद शामिल हैं। यदि किसी सज्जन को मिले तो कृपया मोबाइल नं० 9414376776 पर सूचित करें।

खोया पाया

मैं पवन कुमार गुप्ता, ने अंसल हाइलैंड पार्क सेक्टर-103 गुड़गाँव में फ्लैट पर्थ 0204 खरीदा था जिसकी रिसिप्ट नंबर 517632, 521184, 530943, 538352, 561471, 549490, 569314, 569313, 572399, 587029, 596439, 607408, 614474, 916914, 616912, 616913, 623739, 631623 जिसकी कुल राशि 9752886/- गुम हो गई है मिलने पर संपर्क करें- 9829016513

प्लॉट नंबर 62, सुमेल आगरा रोड, जयपुर के शुद्धि पत्र दिनांक 16.06.2022 क्रम संख्या 202203021112519 कहीं गुम हो गए है। मिलने पर सूचित करे। रजनी बैरवा 8509577806

मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने दी वार्ड 48 को 36 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

जयपुर। उद्योग और खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने ग्रेटर निगम के वार्ड 48 के निवासियों को 35 करोड़ रुपए से ज्यादा के विकास कार्यों की सौगात दी है। करीब 34 करोड़ की लागत से सिरसी रोड पर सीवरेज और डामर रोड और एक 1.25 करोड़ रुपए इंटरलॉकिंग टाइल्स और सीसी रोड पर खर्च होंगे। इसके अलावा ओपन जिम, हाई मास्क लाइट और 5 वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी लगाए गए है।

- **34 करोड़ की लागत से सीवरेज और डामर रोड बनेगी, 1.25 करोड़ रुपए इंटरलॉकिंग टाइल्स और सीसी रोड पर खर्च होंगे**

पार्षद कुमकुम शक्ति सिंह मानपुरा ने बताया कि मुख्य अतिथि मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड और ग्रेटर नगर निगम की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने इन विकास कार्यों का भूमि पूजन और शिलान्यास किया।

उन्होंने बताया कि वार्ड 48 में सीवरेज कार्य और डामर सड़क के लिए भूमि पूजन किया गया। इसके अलावा ग्रेटर निगम से 75 लाख की लागत से सीसी रोड और इंटरलॉकिंग टाइल्स कार्य बृजराज एंक्लेव के अंदर किया जाएगा। करीब 50 लाख रुपए की लागत से तीजा नगर और रघुनाथ विहार गली नंबर 5 में सीमेंटेड सड़क बनाई जाएगी।

मंत्री कर्नल राठौड़ और महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने पार्षद कुमकुम शक्ति सिंह मानपुरा के साथ संस्कार विहार और महादेव नगर दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर में ओपन जिम का भी उद्घाटन किया।

नगर निगम ने वार्ड 48 में सिरसी रोड अंडरपास और पूनम मार्केट में दो हाई मास्क लाइट भी लगवाई है। आमजन की समस्याएं और जरूरत को देखते हुए 4 आर.एम.लाइट मोक्ष धाम में लगाई गई है। पार्षद कुमकुम शक्तावत में बताया कि वार्ड 48 में 5 वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी तैयार होंगे, जिनका शिलान्यास भी मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने किया है। इंजीनियर कॉलोनी में भी ओपन हाईटेक जिम लगेगा।

इन 35 करोड रुपए के विकास कार्यों से सिरसी रोड और वार्ड 48 के रहवासियों में खुशी का माहौल है। उन्होंने मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर और पार्षद कुमकुम शक्ति सिंह मानपुरा का भी आभार जताया है। कार्यक्रम में चेयरमैन प्रवीण यादव, गजेन्द्र सिंह चिराना, विकास बारेठ, इन्द्र प्रकाश धाभाई , महादेव शर्मा, मंडल अध्यक्ष बनवारी यादव सहित क्षेत्र के सम्मानित प्रबुद्धजन एवं नागरिकगण भी उपस्थित रहे।

करीब 34 करोड़ की लागत से सिरसी रोड पर सीवरेज और डामर सड़क बनेगी। कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड और ग्रेटर नगर निगम की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने भूमि पूजन और शिलान्यास किया।

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

हेतुक दर्शित करने के लिए सूचना

राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के अध्याय-5 में किराए के पुनरीक्षण एवं बेदखली बाबत प्रार्थना-पत्र न्यायालयः किराया अधिकरण क्रम सं.-2 जयपुर महानगर प्रथम (राज.)

मोहम्मद अय्यूब कुरैशी विरुद्ध आसिफ अली हाशमी वगै.

अर्जी संख्या 110/2022

नाम विजय सिंह पुत्र स्व.श्री घनश्याम सिंह जाति... पता मकान ने 15-16 बाजरंग कॉलोनी मीणा कॉलोनी के सामने गंगापुर वाटर वाक्स बदनपुरा जयपुर

प्रार्थी ने आपके विरुद्ध किराये के पुनरीक्षण बेदखली के लिए राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के तहत एक अर्जी प्रस्तुत की है जो पंजीयन कर ली गई है। आपको इस न्यायालय में तारीख 21 माह 4 सन् 25 को 7.00 ए.एम. बजे उक्त अर्जी का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए चेतावनी दी जाती है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसको सम्यक् अनुदेश दिए गए हो और जो इस अर्जी से सम्बन्धित सभी सारवान् प्रश्नों के उत्तर दे सकें या जिसके साथ कोई ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें।

आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उक्त दिन या इससे पूर्व 30/45 दिन के भीतर अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य नोटिस की तामील होने की तारीख से दाखिल करें और उक्त तारीख पर या तामील होने के 30/45 दिन के भीतर ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/मुजराई को दावा का प्रतिदावा आधारित है। साथ ही यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में न हो, अपनी प्रतिरक्षा, मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हों, आप ऐसे दस्तावेज उल्लिखित समय के मय उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि आप अपने प्रतिरक्षा के और जवाब के साथ उन सभी साक्षीगण के एवं स्वयं का शपथ पत्र प्रस्तुत करें जो अपकी प्रतिरक्षा का समर्थन करते है तथा उन दस्तावेजों का और उस साक्ष्य का ब्यौरेवार वर्णन शपथ पत्र में किया जायें। साथ ही जिन दस्तावेजों को न्यायालय में प्रदर्शित कराना हो उन पर लाल स्याही से प्रदर्श डालकर प्रस्तुत करें और शपथ पत्र पर ए से बी, सी से डी हस्ताक्षर इत्यादि या लिखावट आदि जिसको भी प्रमाणित कराना है, का उल्लेख भी किया जावें।

आपको पुनः आगाह किया जाता है कि उक्त नोटिस की तामील होने के 30/45 दिन के भीतर आप अपना प्रतिरक्षा उपरोक्त प्रवास में न्यायालय में अंकित करें या उक्त तारीख पेशी पर प्रस्तुत कर दें। अन्यथा आपकी प्रतिरक्षा राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के तहत समाप्त हो जायेगी।

आपको यह भी आगाह किया जाता है कि तारीख पेशी से पूर्व यदि आप द्वारा प्रतिरक्षा हेतु जवाब अर्जी शपथ पत्र तथा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किए जाते है तो न्यायालय में प्रस्तुत करने से पूर्व प्रार्थी के अधिवक्ता श्री.... को उक्त प्रतिरक्षा की और जवाब दावा शपथ पत्रों की, दस्तावेजों व अन्य साक्ष्यों की प्रति उपलब्ध करा दे।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो बाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

नोटिस आज दिनांक 19/4/25 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है।

आज्ञा से-रीडर,
अपर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, क्रम-5 एवं किराया अधिकरण-द्वितीय, जयपुर महानगर प्रथम

मोहर अदालत

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, खण्ड-तेरह, जयपुर
राजस्थान आवासन मण्डल
RAJASTHAN HOUSING BOARD
(राज.आवा. मण्डल अधिनियम 1970 के तहत गठित राज्य सरकार का उपक्रम)
(A State Government Enterprise constituted under RHB Act 1970)
क्रमांक-आवा.अभि./खण्ड-13, रा.आ.म./2025-26/33 दिनांक-16/4/25

आम जाहीर सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा व्यावसायिक भूखण्ड संख्या एस-24 बनास विहार योजना टोंक, क्षेत्रफल 18.00 वर्गमीटर का आवंटन मूलतः श्रीमति लक्ष्मी देवी पत्नि श्री गंगा राम को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 418 दिनांक 10.06.2010 जारी किया गया था। श्रीमति लक्ष्मी देवी पत्नि श्री गंगा राम की मृत्यु दिनांक 18.03.2016 को हो चुकी है। श्रीमति लक्ष्मी देवी पत्नि श्री गंगा राम के पुत्र श्री कमल कुमार रघुवानी पुत्र श्री गंगा राम द्वारा व्यावसायिक भूखण्ड संख्या एस-24 बनास विहार योजना टोंक का हस्तान्तरण अपने पक्ष मे करने हेतु आवेदन पत्र मय प्रशासनिक शुल्क, शपथ पत्र, पहचान संबंधी दस्तावेज एवं वारिसान का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त व्यावसायिक भूखण्ड संख्या एस-24 बनास विहार योजना टोंक का हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने हेतु निवेदन किया है।

अतः उक्त हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति / बैंक / संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर आवेदक श्री कमल कुमार रघुवानी पुत्र श्री गंगा राम के पक्ष में व्यावसायिक भूखण्ड संख्या एस-24 बनास विहार योजना टोंक के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।

आवासीय अभियन्ता, खण्ड-तेरह, जयपुर

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक प्लॉट नम्बर 123-बी (पूर्वी हिस्सा), आनन्द विहार-बी, बेनाड रोड, जयपुर मे स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 97.31 वर्गगज है, जिस पर मेरे अभिभाष्य के पिता बाबू लाल सोनी ने एच.डी.एफ.सी बैंक लि. से ऋण लिया हुआ था तथा उक्त सम्पत्ति के समस्त असल दस्तावेज एच.डी.एफ.सी बैंक लि. मे रहन (MORTGAGE) कर रखे है, यह कि बाबू लाल सोनी का स्वर्गवास दिनांक 27.06.2022 को हो गया तथा उनके स्वर्गवास के पश्चात् उनकी पत्नी तारामणी एवं पुत्र नवल सोनी, नरेश सोनी एवं चन्द्रप्रकाश उक्त सम्पत्ति के संयुक्त मालिक, स्वामी व उत्तराधिकारी हुए तत्पश्चात् तारामणी, नवल सोनी, नरेश सोनी ने उक्त सम्पत्ति में अपने-अपने अविभाजित हिस्से का हक त्याग चन्द्रप्रकाश के हित में त्याग कर दिया उक्त सम्पत्ति के पेटे लिये हुये ऋण की पूर्ण अदायगी एच.डी.एफ.सी. बैंक लि. को की जा चुकी है, इसलिये अब मेरे अभिभाष्य चन्द्रप्रकाश पुत्र स्व. बाबू लाल सोनी उक्त प्लॉट के असल दस्तावेजों को प्राप्त करना चाहते है, यदि इस सम्बन्ध मे किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति, एतराज हो तो मय दस्तावेज प्रकाशन तिथी से सात दिवस तक की अवधि मे एच.डी.एफ.सी. बैंक लि. पता सी-25 भगवानदास रोड, सी-स्कीम, जयपुर मे सम्पर्क करे, उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी व शून्य समझी जावेगी, सूचित रहे। मो-18002100018/9829063273

B.C.Shankla, Advocate, Mob.: 9829063273

विनम्र श्रद्धांजलि

चौतीसवीं पुण्यतिथि 20 अप्रैल, 2025 आठवीं पुण्यतिथि



स्व. श्री जम्बू कुमार जैन स्व. श्री निर्मल कुमार जैन

परिवार जिसका मंदिर था, स्नेह जिसकी शक्ति थी।
परिश्रम जिसका कर्तव्य था, परमार्थ जिसकी भक्ति थी।
आपकी संघर्षमयी छवि, हमारी प्रेरणा का है आधार।

श्रद्धावनत
समस्त इन्द्रलाल शास्त्री परिवार

पिंकसिटी एडवरटाईजिंग कं. प्रा. लि.